# देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश

**रिपोर्ट**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों को एक ताजा रिपोर्ट ने बल दिया है। इन्वेस्टिंग और स्टॉक मार्केट पर नजर रखने वाले प्रमुख ऑनलाइन ब्लॉगिंग प्लेटफार्म **soic.in** ने सेंसस और सीएलएसए (क्रेडिट लियोनिस सिक्योरिटीज एशिया) पर आधारित एक क्रिएटिव ग्राफिक में बताया है कि देश की जीडीपी में शेयर के मामले में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है।

सरकारी आंकड़ों में उत्तर प्रदेश जीडीपी शेयर के मामले में तीसरे पायदान पर था। यह योगी सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि है। निश्चित तौर पर इसके बाद सीएम योगी का अगला लक्ष्य नंबर वन जीडीपी शेयर वाला राज्य बनने का होगा।


**सात वर्षों में बदली तस्वीर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते सात वर्ष में हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। प्रदेश में संगठित अपराध अब जीरो हो चुके हैं। प्रदेश उद्योग के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 14वें स्थान से दूसरे स्थान पर आ चुका है। लॉ एंड ऑर्डर, कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के कारण ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले हैं जो जल्द ही धरातल पर उतरने जा रहे हैं। इससे प्रदेश में लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वर्तमान में प्रदेश लगभग दो लाख करोड़ रुपये का निर्यात कर रहा है। बैंकों का ऋण-जमा अनुपात 42-43 प्रतिशत से बढ़कर 56 प्रतिशत हो चुका है, इसे 60 प्रतिशत तक ले जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आज यूपी रिवेन्यू सरप्लस राज्य है। प्रदेश की 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी है। 96 लाख एमएसएमई इकाइयां स्थापित हुई हैं।

**01**

स्थान पर देश की जीडीपी में महाराष्ट्र का योगदान

**03**

स्थान पर देश की अर्थव्यवस्था में तमिलनाडु का योगदान




## अब पहले स्थान पर यूपी की नजर

'एक्स' पर शेयर किए गए इस क्रिएटिव में उत्तर प्रदेश को जीडीपी शेयर के मामले में दूसरे स्थान पर दिखाया गया है। इसके अनुसार जहां देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7 फीसदी जीडीपी शेयर के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2 फीसदी जीडीपी शेयर के साथ दूसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश ने जीडीपी शेयर के मामले में तमिलनाडु (9.1%), गुजरात (8.2%) और पश्चिम बंगाल (7.5%) जैसे राज्यों पर बढ़त बनाई है। कर्नाटक (6.2%), राजस्थान (5.5%), आंध्र प्रदेश (4.9%) और मध्य प्रदेश (4.6%) जैसे राज्य उत्तर प्रदेश से काफी पीछे हैं।

सीएम योगी ने कभी बीमारू माने जाने वाले उत्तर प्रदेश को विकास की दौड़ में अग्रणी स्थान पर ला खड़ा किया है। ये उपलब्धि सीएम योगी के उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन बनाने के साथ ही 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य हासिल करने में मददगार होगी।